आकाशवाणी केन्द्र शिमला
23.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

नड्डा–हर्षमहाजन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर प्रदेश में भारी वर्षा से हुए नुकसान के बारे में चर्चा की। इस मौके पर राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन भी मौजूद रहे। नड्डा ने बताया कि नितिन गडकरी ने हिमाचल को भरपूर आर्थिक मदद देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि आपदा से क्षतिग्रस्त इलाकों में एक–एक सड़क को युद्ध स्तर पर ठीक किया जाएगा। नड्डा ने बताया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत प्रदेश को पहले चरण में दो सौ एक करोड़ रूपए का मैटीरियल बजट मंजूर किया है और इस राशि से पंचायत स्तर पर रास्तों, सड़कों और डंगों के निर्माण में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ और एसटीआरएफ के तहत हिमाचल को केंद्र से पांच हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि मिल चुकी है। इस मौके पर हर्ष महाजन ने भी नितिन गडकरी से प्रदेश में क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलों को जल्द दुरूस्त करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए विशेष केंद्रीय सहायता की मांग की है। अपने दिल्ली दौरे के दौरान उन्होंने केंद्रीय नागरिक उड्डन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से भेंट कर प्रदेश में हवाई सेवा से जुड़े विभिन्न मामलों पर शीघ्रता से कार्य करने का आग्रह किया था। एक पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से शिमला–धर्मशाला–शिमला के बीच फिर से नियमित हवाई सेवाएं शुरू करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कांगड़ा हवाई अडडे के विस्तार के लिए राज्य सरकार लगभग एक सौ 50 हैक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करेगी जिसकी प्रकिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक हजार 9 सौ करोड़ रूपए से अधिक धन राशि का प्रावधान किया गया है और चार सौ 10 करोड़ रूपए वितरित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने संजौली, रामपुर, बददी और कंगनीधार हैलीपोर्ट को इस वर्ष अक्तूबर तक संचालित करने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध भी किया है।

राष्ट्रीय प्रसारण दिवस

आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस है। 1927 में इसी दिन देश में पहला रेडियो प्रसारण इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी के बॉम्बे स्टेशन से शुरू हुआ था। 8 जून, 1936 को भारतीय राज्य प्रसारण सेवा का नामकरण ऑल इंडिया रेडियो किया गया। वर्ष 1956 में राष्ट्रीय प्रसारक के लिए आकाशवाणी नाम अपनाया गया। वहीं 1957 में लोकप्रिय फिल्म संगीत के साथ विविध भारती सेवा शुरू की गई थी। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने राष्ट्रीय प्रसारण दिवस पर अपनी शुभकामनायें दी हैं।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि अगले महीने तक प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालय, आदर्श स्वास्थ्य संस्थान और अन्य चिकित्सा संस्थान आधुनिक स्वास्थ्य मशीनों से लेस होंगे। शिमला में आज स्वास्थ्य विभाग की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य संस्थानों में सीटी स्कैन, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, फैको और डायग्नोस्टिक मशीनें उपलब्ध करवाई जाएंगी। धनीराम शांडिल ने कहा कि राज्य सरकार ने शिशु देखभाल किट में गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------
-------------------------------